# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी०ए०/2658
दिनांक : 15.04.2020

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः–कोविड–19 के प्रसार की रोकथाम हेतु सोशल डिस्टेंस के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मियों के लिए " वर्क फॉर होम " के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों के क्रम में ऑनलाईन शिक्षण प्रक्रिया के अन्तर्गत संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की प्रगति आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 591/सत्तर–1–2020 दिनांक 27.03.2020 जिसमें शासन द्वारा श्री अमित खरे, सचिव, उत्तर प्रदेश, उच्च शिक्षा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 21.03.2020 की छायाप्रति संलग्न करते हुए विश्वविद्यालय के पत्रांक पी०ए०/2644 दिनांक 28.03.2020 के द्वारा सभी सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को " वर्क फॉर होम के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था।

अतः उत्तर प्रदेश शासन के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में (जिन महाविद्यालयों में सेमेस्टर पाठ्यक्रम संचालित है) मा० कुलपति जी के आदेशानुसार निम्न बिन्दुओं पर आख्या उपलब्ध करानी वांछित हैं :–

1. Online Group Learning Platform जैसे Google meet/Google Classroom/Microsoft team/Zoom Cloud App आदि किन तकनीकों के माध्यम से ऑनलाइन कक्षायें संचालित की जा रही हैं ?
2. महाविद्यालय में संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों हेतु ऑनलाइन शिक्षण के अन्तर्गत कितने e-contents अभी तक अपलोड किये गये हैं अथवा नहीं। यदि हाँ तो इनकी संख्या।
3. महाविद्यालय में संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन शिक्षण प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रत्येक पाठ्यक्रम का कितने % Syllabus पूर्ण करा लिया गया है तथा कितना पाठ्यक्रम शेष है, स्पष्ट करें ?
4. महाविद्यालय में संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन शिक्षण प्रक्रिया के अन्तर्गत पाठ्यक्रमवार छात्र/छात्राओं को Assignments, Tutorials mia Quiz लिए जाने की प्रगति आख्या की स्थिति स्पष्ट करें।
5. महाविद्यालय में संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों में प्रतिदिन कितने छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन तकनीक से पठन–पाठन का कार्य किया जा रहा है अथवा नहीं।

अतः उक्त के आलोक में आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उल्लिखित बिन्दुओं पर स्पष्ट आख्या अधोहस्ताक्षरी को 02 दिवसों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय की ई–मेल आई०डी० **registrar@ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः

01 सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
02 वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
03 प्रेस प्रवक्ता, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04 प्रभारी वेबसाइट, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

15-4-20

कुलसचिव

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA